Fake fertilizer business -पूर्णिया में नकली खाद बनाने वाले गिरोह को पुलिस ने दबोचा, गोदाम में मिली कई बोरियां, किसानों के खेत को बर्बाद कर रहे थे धंधेबाज

PURNIA - पूर्णिया की बनमनखी पुलिस ने नकली खाद बनाने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस दौरान पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं यहां बने गोदाम से भारी मात्रा में नकली खाद जब्त किया है।

इस कार्रवाई को लेकर बताया गया कि गुप्त सूचना पर बनमनखी एसडीपीओ सुबोध कुमार, थाना अध्यक्ष समेत अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से सिसवा हल्दीबाड़ी गांव में छापामारी किया। जिसमें शंकर गुप्ता पिता रंजीत गुप्ता के गोदाम में नकली पोटाश खाद बनाने और पैकिंग करते हुए रेड हैंड पकड़े गए। इस दौरान पुलिस ने वहां से एक पिकअप वाहन में लदा नकली पोटास खाद के अलावा गोदाम से भारी मात्रा में नकली खाद जब्त किया है। वहीं पुलिस ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया ।

गिरफ्तार अभियुक्तो में बनमनखी निवासी शंकर गुप्ता और मंजेश कुमार के अलावा खुर्दा मधेपुरा निवासी मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ ने कहा कि गोदाम में नमक और अन्य सामान मिलाकर नकली पोटाश खाद बनाया जा रहा था और इस खाद को लोकल बाजारों में बेचा जा रहा था। इससे किसानों की खेती खराब हो रही थी।

Source: https://www.news4nation.com/bihar/crime/fake-fertilizer-business-police-caught-businessmen-making-fake-fertilizers-in-purnia-724999